C M Y K

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 104 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 30 सितम्बर 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राहुल गांधी को धमकी पर गहलोत का हमला, भाजपा पर घृणा की राजनीति का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भाजपा प्रवक्ता द्वारा कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को लाइव टीवी डिबेट में दी गई कथित धमकी को लोकतंत्र के लिए शर्मनाक करार दिया है। गहलोत ने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी न केवल अस्वीकार्य है बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं पर भी आघात है। सोमवार को जारी अपने वीडियो संदेश में गहलोत ने भाजपा नेतृत्व की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक न तो पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कोई प्रतिक्रिया दी और न ही दोषी प्रवक्ता पर कार्रवाई हुई। उन्होंने इसे भाजपा की घृणा और नफरत की राजनीति का प्रमाण बताया।

गहलोत ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी जब महंगाई, बेरोजगारी और वोट चोरी जैसे मुद्दे उठा रहे हैं और जनता का समर्थन हासिल कर रहे हैं, तो भाजपा बौखलाहट में ऐसे कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी का मुद्दा राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन चुका है, और इसी से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की उत्तेजक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।



## दिनदहाड़े खामोर में लाखों की चोरी, बेटी के मायरे की तैयारी पर चोरों ने किया हाथ साफ़

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा,**

**पेसवानी।** खामोर गांव में दिनदहाड़े हुई चोरी ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। दो मकानों के बक्से और पेटियों के ताले तोड़कर चोर लगभग 3 तोला सोना-चांदी और 1 लाख रुपए नकद ले उड़े। पीड़ित परिवार 3 दिन बाद बेटी के मायरे की तैयारी कर रहा था, और चोरों ने उसी अवसर पर मोटी रकम पर हाथ साफ कर दिया।

फूलियाकलां पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और मौका मुआयना किया। चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज और पैरों के निशान से सुराग जुटाने का प्रयास जारी है।



स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

## 8 साल से फरार एनडीपीएस एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले की शंभूगढ़ थाना पुलिस ने आठ साल से फरार चल रहे एनडीपीएस एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2017 से मामला लंबित था।

पुलिस ने बताया कि वर्ष 2017 में शंभूगढ़ क्षेत्र में कार से 126 किलो 500 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया था। जिसमे एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में एक आरोपी गणेश वैष्णव को गिरफ्तार कर न्यायालय में चार्जशीट पेश की गई, जबकि दूसरा आरोपी उम्मेद सिंह गुर्जर पिता रामसिंह, निवासी रेलवे स्टेशन रोड, डीडवाना फरार हो गया था। आरोपी की लंबे समय से तलाश की जा रही थी। वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहा। पुलिस ने उसके रिश्तेदारों और परिचितों के यहां




दबिश दी, मगर सफलता नहीं मिली। बाद में तकनीकी आधार पर उसकी गतिविधियों को ट्रैक किया। कॉल डिटेल्स के आधार पर लोकेशन मिलने पर पुलिस ने उसे डिटेन कर पूछताछ की। अनुसंधान में अपराध प्रमाणित होने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल पूछताछ जारी है।

पुलिस ने कार्रवाई थाना अधिकारी शंभूगढ़ मोतीलाल के नेतृत्व में की । जिसमे कांस्टेबल चेतनराम, देवालाल, राधेश्याम मीणा साइबर सेल और भंवरलाल शामिल रहे।

## काछोला से लापता किशोरी व युवक के शव शिप्रा नदी में मिले

### साड़ी से बंधे थे दोनों शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपे



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग किशोरी और युवक के शव रविवार को उज्जैन की शिप्रा नदी में रावला घाट पर मिले। दोनों की लाशें आपस में साड़ी से बंधी हुई थीं। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।जानकारी के अनुसार, रविवार दोपहर करीब 12 बजे नदी में शव तैरते हुए दिखाई दिए। सूचना मिलने पर मध्यप्रदेश थाना पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू टीम की मदद से दोनों को बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में खुदकुशी की आशंका जताई जा रही है।काछोला पुलिस के अनुसार, किशोरी के परिजनों ने पहले ही अपहरण व एससी एसटी एक्ट में मामला दर्ज कराया था। घटना की जानकारी मिलते ही काछोला पुलिस व परिजन उज्जैन पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जोगणियां माता धाम में दुर्गाष्टमी पर उमड़ा जनसैलाब, एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर सोमवार को प्रसिद्ध शक्तिपीठ जोगणियां माता मंदिर में आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा। दुर्गाष्टमी पर मंदिर में दिनभर और देर रात तक चले महारात्रि जागरण में देश-प्रदेश से आए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पुण्यलाभ लिया।

सुबह से ही मंदिर परिसर और आस-पास के मार्गों पर भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी। देश प्रदेश के कई जिलों से आए श्रद्धालु माता के जयकारों और भक्ति धुनों पर नाचते-गाते हुए दरबार तक पहुंचे।

जोगणियां माता शक्तिपीठ संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी ने बताया कि दुर्गाष्टमी पर मंदिर में विशेष श्रृंगार, पंचकुंडीय महायज्ञ, वेदपाठियों द्वारा मंत्रोच्चार, देवी भागवत कथा वाचन और रामायण पाठ की व्यवस्थाएं की गईं। देर रात रामलीला के बाद हुई भजन संध्या में भक्तिरस की धारा प्रवाहित हुई और पूरा परिसर माता रानी के जयकारों से गूंज उठा। नवरात्र महोत्सव का समापन 1 अक्टूबर को यज्ञ पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा।

## मोपेड को बाइक ने मारी पीछे से टक्कर, खड्डे में गिरी महिला की मौत , बच्ची गंभीर घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

( दिनेश पारीक) । उपखंड क्षेत्र के गाडरी खेड़ा गांव के पास सोमवार को हुए सड़क हादसे में दर्शन कर लौट रही महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी दोहिती बालिका ग्रामीणों की तत्परता से सकुशल बच गई। घटना के बाद गांव में शोक छा गया।

जानकारी के अनुसार खुशबू पुत्री लादू निवासी गाडरी खेड़ा अपनी नानी प्रेम देवी (57) पत्नी गणेशनाथ निवासी कोदुकोटा को मोपेड पर बैठाकर चलानिया भैरूनाथ के दर्शन कर लौट रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रही एक मोटरसाइकिल ने मोपेड को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मोपेड सड़क किनारे बने सात-आठ फीट गहरे पानी भरे खड्डे में जा गिरी। ग्रामीणों ने दौड़कर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन महिला को बाहर निकालकर कोटड़ी



अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल खुशबू को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। सूचना पर थाना पुलिस के दीवान उस्मान खान मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू किया । पुलिस ने कोदुकोटा निवासी गोपाल नाथ की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया।

## बीगोद की नव गठित नगर पालिका में शामिल किए आधा दर्जन गांवों के लोगों ने जताया विरोध

### गांवों को जालिया पँचायत में ही रखने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन





**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ / बिगोद ।**

उपखण्ड क्षेत्र के बीगोद कस्बे में नव गठित नगर पालिका में ग्रामीण क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों को जोड़ने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया हैं, आक्रोशित ग्रामीणों ने उपखण्ड कार्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की, ओर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने जालिया पँचायत में ही गांवों को रखने की मांग की।

जालिया ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का आरोप हैं, कि राज्य सरकार ने बिना मापदण्ड ओर आपत्ति लिए राजनीतिक लाभ के लिए प्रतापपुरा, देवपुरा, मोहनपुरा, खेरपुरा, भारलिया व मोही गांवो को बीगोद की नगर पालिका में शामिल कर लिया हैं, जिससे ग्रामीण विकास की योजनाओं का लाभ बन्द हो गया हैं, विगत छः माह से मनरेगा ओर अन्य विकास कार्य ठप्प पड़े हुए है, इस मामले को लेकर माण्डलगढ़ विधायक गोपाल खण्डेलवाल पर भी ग्रामीणों ने वादा खिलाफी का आरोप लगाया हैं, कि विधायक ने जालिया पँचायत के नगर पालिका में नहीं जोड़ने का आश्वासन दिया था।

ग्रामीणों ने बताया कि नगर पालिका में शामिल किए गए गांवों को वापस ग्राम पंचायत में नहीं जोड़ा गया तो सरकार के खिलाफ आंदोलन कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

ज्ञापन देने में जालिया सरपंच सुरेंद्र सिंह, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवाड़ी, हारून मोहम्मद, मुनीर मोहम्मद, एडवोकेट ऋषि कुमार गुर्जर, सत्य नारायण माली, प्रभुलाल गुर्जर व कैलाश चन्द्र गुर्जर सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे,

C M Y K

# त्यौहारों पर कानून व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

महानवमी, विजयादशमी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज के अवसर पर कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट जसमीत सिंह संधू ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं।

सुभाषनगर और सदर थाना क्षेत्र के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट अक्षत कुमार सिंह व नायब तहसीलदार परमजीत सिंह भाटी, कोतवाली और भीमगंज के लिए तहसीलदार दिनेश कुमार साहु व नायब तहसीलदार रौनक शर्मा, प्रतापनगर और पुर थाना क्षेत्र के लिए विशेषाधिकारी नगर विकास न्यास चिमन लाल मीणा, अन्य क्षेत्रों के लिए संबंधित तहसीलदार और नायब तहसीलदार को कार्यपालक मजिस्ट्रेट बनाया गया है।

नियुक्त अधिकारी त्यौहारों के दौरान पुलिस के साथ समन्वय कर कानून व्यवस्था पर निगरानी रखेंगे और आवश्यक कार्यवाही करेंगे। भीलवाड़ा शहर के लिए अति0 जिला मजिस्ट्रेट शहर प्रतिभा देवठिया तथा पूरे जिले के लिए अति0 जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन रणजीत सिंह प्रभारी होंगे।

### शाहपुरा को जिला बनाने की मांग में विशाल पैदल मार्च

# जिला बचाओ संघर्ष समिति ने चौथा स्मरण पत्र सौंपा




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

शहर को वापस जिले का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर जिला बचाओ संघर्ष समिति ने सोमवार को बालाजी की छतरी से उपखंड कार्यालय तक विशाल पैदल मार्च निकाला। इस दौरान समिति अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा, संयोजक रामप्रसाद जाट और महासचिव कमलेश मुंडेतिया के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए चौथा स्मरण पत्र मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा गया। बताया गया कि पूर्व में संघर्ष समिति और मुख्यमंत्री के बीच जयपुर में हुई बैठक में सकारात्मक आश्वासन मिलने के बावजूद अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है। पैदल मार्च में अभिभाषक संस्था शाहपुरा के अधिवक्ताओं ने न्यायालय में न्यायिक कार्यों का स्थगन भी किया। समिति ने स्पष्ट किया कि शाहपुरा को जिला नहीं बनाए जाने तक उनका संघर्ष लगातार जारी रहेगा। पैदल मार्च में समिति के पदाधिकारी और शहर के दर्जनों सदस्य, व्यापारी एवं आमजन शामिल हुए।

# आकाशीय बिजली गिरने से मकान क्षतिग्रस्त



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

( **साँवर वैष्णव** ) रेड़वास ग्राम पंचायत के बलिया खेड़ा गांव में सोमवार दोपहर हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान में दरारें आ गईं और धमाके की आवाज से ग्रामीण सहम उठे।

ग्रामीण कन्हैयालाल जाट ने बताया कि रामलाल पुत्र ऊकार जाट के मकान की छत पर बने दरवाजे पर बिजली गिरी। घटना से दरवाजा का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, मकान में कई जगह दरारें आ गईं, जबकि पड़ोसी मांगीलाल जाट के घर के दो इनवर्टर और अन्य उपकरण भी जल गए। घटना के समय परिवार खेत पर होने के कारण बड़ा हादसा टल गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री माथुर की संस्थान कार्यालय का लोकार्पण 8 को



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**मानव तिवाड़ी** – पूर्व मुख्यमंत्री शिव माथुर और स्वतंत्रता सेनानी सुशीला देवी माथुर की आगामी 8 अक्टूबर को मूर्तियों का अनावरण और शिवचरण माथुर विकास एवं सेवा संस्थान के कार्यालय का लोकार्पण होने वाला है। इसी को लेकर सोमवार को बिजोलिया ब्लॉक कांग्रेस में सभा का आयोजन किया गया। सभा में पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ की नव प्रदेश कार्यकारिणी में क़स्बा निवासी विशाल तिवारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, वंदना माथुर, प्रदेश सचिव विभा माथुर, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, सत्यनारायण शर्मा, ऋषि सोनी, रामेश्वर सेन, रणजीत सिंह कानावत, किशन खटीक, सुधीर कोतवाल, संजय जैन, गजेंद्र सिंह राव, सुनील शर्मा, जुगनू टॉक, राहुल सेठिया सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजोलिया में त्योहारों की तैयारियों पर सीएलजी बैठक, प्रशासन का सख्त रुख

## भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में पटाखा दुकानें लगाने पर रोक, नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई





**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

कस्बा स्थित पुलिस थाने में सोमवार को तहसीलदार ललित डीडवानिया की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत नवनियुक्त थानाधिकारी उगमाराम सैनी के स्वागत से हुई। इसके बाद दशहरा, धनतेरस, दीपावली, भाई दूज और गोवर्धन पूजा जैसे प्रमुख त्योहारों को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### पटाखा दुकानों पर प्रशासन का सख्त रुख

बैठक का मुख्य केंद्र रहा भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पटाखा दुकानों का मुद्दा। तहसीलदार डीडवानिया ने साफ कहा कि दीपावली के दौरान मुख्य मार्गों या बाजारों में पटाखा दुकानें लगाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दुकानें केवल लाइसेंस में निर्धारित स्थल पर ही लगाई जाएंगी और तय सीमा से अधिक दुकानों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

थानाधिकारी उगमाराम सैनी ने भी दो टूक चेतावनी दी कि यदि पटाखा दुकानदार प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नदियों कि क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत के निर्देश

बैठक में कस्बे की पलकी नदी में पत्थरों के बाहर निकलने पर व्यवस्थित करने, बन्नी के बालाजी रोड पर रेवा नदी की पुलिया पर बारिश से हुए कटाव को दुरुस्त करने और दीपावली से पहले नगर की मुख्य सड़कों पर पेचवर्क करवाने के निर्देश नगर पालिका और सार्वजनिक निर्माण विभाग को दिए गए।

साथ ही पलकी नदी पर होने वाले रावण दहन कार्यक्रम से पूर्व स्थल पर लगे क्षतिग्रस्त पिलरों की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था के इंतज़ाम के निर्देश दिए। ।

बैठक में कांग्रेस के संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा, जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजौरा, भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य शिव चंद्रवाल , मनोज टांक, रमेश गुरुजी , राजू तंवर, पंकज जैन, रामस्वरूप मेवाड़ा, वेद प्रकाश तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे और त्योहारों की व्यवस्थाओं को लेकर सुझाव दिए।

# भाजपा ने सेवा पखवाड़ा एवं दिव्यांग उपकरण वितरण समारोह की तैयारियों की समीक्षा की

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 1 अक्टूबर को टाउन हॉल में आयोजित प्रबुद्धजन संवाद एवं दिव्यांगजन उपकरण वितरण समारोह की तैयारियों को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी की मुख्य अतिथि के रूप में आयोजित होने वाले समारोह की व्यवस्थाओं और दायित्वों पर चर्चा की।




समारोह में सेवा पखवाड़ा, आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, जीएसटी रिफॉर्म अभियान और केंद्र एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मंथन किया जाएगा और चयनित दिव्यांगजनों को उपकरण वितरित किए जाएंगे।

बैठक में अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, छैलबिहारी जोशी, रामपाल चौधरी, विशाल गुरुजी, कुलदीप शर्मा, भरत सिंह राठौड़, राजेश सेन, मुकेश शर्मा, डॉ. राजा साध वैष्णव, कल्पेश चौधरी , अंकुर बोरदिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हाड़ी रानी सम्मान समारोह, 180 महिलाएं सम्मानित




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**


कदम फाउंडेशन की ओर से नारी सशक्तिकरण पर आधारित हाड़ी रानी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। श्री श्री 1008 बनवारी शरण जी महाराज के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम में निवर्तमान विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता रेखा कंवर ने की।

समारोह में 180 महिलाओं को हाड़ी रानी सम्मान और खेल जगत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 6 प्रतिभाओं को मोमेंटो प्रदान किया गया। नवरात्र पर नवदुर्गा की झांकी भी प्रस्तुत हुई। इस अवसर पर नेहरू विहार विकास एवं संघर्ष समिति ने शिव कुमार शर्मा व जीतेन्द्र जोशी को अध्यक्ष घोषित किया।

# सर्प मित्र को कोबरा ने डंसा , हुई मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

पांसल चौराहा जवाहरनगर लेबर कॉलोनी निवासी सर्प मित्र की कोबरा के डंसने से मौत हो गई।जानकारी के अनुसार युवक बोहरा माता जी के मित्र के साथ दर्शन करने जा रहा था , इस दौरान रास्ते में रुका और झाड़ियो की तरफ़ गया । जहाँ उसे सांप ने अंगूठे पर काट लिया। सांप के काटने से अस्पताल ले जाने तक जहर फैल चुका था, जिससे उसकी मौत हो गई। मूल रूप से रामपाल पिता वासु सिंह बिहार निवासी पांसल चौराहा पर चाय



की थड़ी चलाता था और सांप रेस्क्यू करने के कारण शहर व आसपास के गांवों में जाना-पहचाना चेहरा था।



## QUICK BITES

# शक्करगढ़ से बाकरा सड़क बदहाल, उड़ती धूल मिट्टी से छात्र-राहगीर परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



क्षेत्र की शक्करगढ़ से बाकरा मार्ग की सड़क इन दिनों खस्ताहाल हालात में पहुंच चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों और उखड़ी डामर से सड़क धूल-मिट्टी उड़ाने लगी है, जिससे राहगीरों सहित विद्यालय आने-जाने वाले छात्र-छात्राएं बुरी तरह परेशान हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों कर्मचारी और आमजन आवाजाही करते हैं। वहीं टोल टैक्स से बचने के लिए बड़े वाहन भी इसी रास्ते से निकल रहे हैं, जिससे सड़क की स्थिति और बिगड़ गई है।

लंबे समय से इस समस्या को लेकर ग्रामीण परेशान हैं, लेकिन अभी तक न तो किसी जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासन ने इस ओर ध्यान दिया है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से जल्द से जल्द उचित कार्यवाही कर सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

# छोटा रुणिचा धाम नयानगर में मंदिर विकास एवं भंडारा समिति की नई कार्यकारिणी गठित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



छोटा रुणिचा धाम नयानगर में गादीपति महंत हीरा लाल जोगी ने मंदिर विकास एवं भंडारा समिति की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। समिति मंदिर विकास और भंडारा व्यवस्थाओं का संचालन करेगी।

अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा बने, जबकि कमलेश धाकड़, सुनील धाकड़, मांगीलाल धाकड़, राहुल धाकड़, मुकेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, शंभूलाल सांखला, दिलीप शर्मा, श्याम राठौड़, रौनक जैन और दीपक जैन को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया ।

मंत्री पद पर राजू धाकड़ सहित 10 सदस्य, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग व विक्रम बंजारा, आईटी सेल संयोजक रोहित रेगर, सहसंयोजक तीर्थ सिंह यादव व बलवंत जोगी बनाए गए।महिला व्यवस्थापक के रूप में गीता बाई धाकड़, प्रीति जैन और नानी बाई धाकड़ को जिम्मेदारी दी गई।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# 351 कन्याओं का किया पूजन, जीरो वेस्ट अभियान से दिलाया पर्यावरण बचाने का संकल्प

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शारदीय नवरात्र पर मासिक सुन्दरकाण्ड ग्रुप व सुमंगल सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में श्री कामधेनु बालाजी मंदिर परिसर में 351 कन्याओं का पूजन व सामूहिक भोज हुआ। मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा गोयल रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत पाद प्रक्षालन, चुनरी ओढ़ाने और उपहार भेंटकर कन्याओं को सम्मानित करने से हुई। गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि नए भारत में महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रोत्साहन जरूरी है। महिला कमांडर राजकुमारी ने आत्मरक्षा की जानकारी दी।

संस्थान अध्यक्ष शिव नुवाल ने बताया कि आयोजन में जीरो वेस्ट अभियान के तहत प्लास्टिक का उपयोग नहीं कर स्टील के बर्तनों में भोजन कराया गया। अंत में 351 कन्याओं के समक्ष सामूहिक आरती हुई। इस अवसर पर आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद सहित कई



संगठनों के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# श्री भरका देवी माताजी तक सद्भावना पदयात्रा निकली

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा,

शारदीय नवरात्रि पर विधायक अशोक कोठारी के नेतृत्व में हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री भरका देवी माताजी तक सद्भावना पदयात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत निम्बार्क आश्रम गौशाला में गौमाता के पूजन व गौग्रास से हुई।

पदयात्रा संयोजक राकेश व गौतम कोठारी ने बताया कि यह यात्रा प्राणी मात्र की सेवा व सद्भावना के संकल्प के साथ आयोजित होती है। मार्ग में ग्रामीणों को फल वितरित किए गए और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग व प्लास्टिक त्यागने का संदेश दिया गया।

धार्मिक भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच निकली इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



# सांसद अग्रवाल के सान्निध्य में स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाए गए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े और वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत सांसद जन संवाद केंद्र पर कार्यकर्ताओं से स्वदेशी संकल्प पत्र भरवाया गया। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि यह संकल्प पत्र केवल कागज़ नहीं, बल्कि भारत माता की सेवा और सम्मान का प्रतीक है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने अभियान



की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष और वोकल फॉर लोकल अभियान के जिला संयोजक कल्पेश चौधरी, गोपाल तेली, सुरेंद्र सिंह मोटरास, आरती कोगटा, अभिश्रुता सोलंकी, शशांक बिरला, रागिनी गुप्ता, राजसाध वैष्णव, दीपक पाराशर, मोहिनी माली, बबलू कुमावत, रोनक हिंगड़, पूरण डिडवानिया, राजेश सेन, लालचंद्र सेन, नारायण रैगर, विमल जैन, गौतम शर्मा, हेमेंद्र सिंह उपरेड़ा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मनाया गया बेटी जन्मोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

आंगन से आसमान तक बेटियों को समान अवसर दिलाने के संकल्प के साथ सोमवार को कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिला अधिकारिता विभाग की ओर से बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और जागरूकता बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में पीएमओ डॉ. अंसार खान, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजुम आरा, नर्सिंग ऑफिसर हेमेंद्र धाभाई और ब्लॉक सुपरवाइजर अर्चना राव की उपस्थिति में नवजात बालिकाएं




शिवानी, अदीबा, सिद्धि और तनिषा का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर बच्चियों के परिवारों को बेबी केयर किट भेंट की गई और बालिकाओं की शिक्षा व परवरिश के लिए प्रोत्साहित किया गया।

डॉ. अंजुम आरा ने महिलाओं को स्त्री रोगों और स्वच्छता प्रबंधन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं ब्लॉक सुपरवाइजर अर्चना राव ने लाडो प्रोत्साहन योजना, माहवारी स्वच्छता, डिजिटल साक्षरता, शिक्षा सेतु योजना और मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना की जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में ग्राम साथीन रेखा शर्मा, मंजू बलाई और दुर्गा देवी भी मौजूद रहीं।

# मांडलगढ़ में दो दिवसीय जिला स्तरीय गणित-विज्ञान मेला संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़

भीलवाड़ा विद्या भारती शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय गणित-विज्ञान मेले का समापन सोमवार को आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के पूर्व वैज्ञानिक करणसिंह सिंघवी रहे ।

सिंघवी ने कहा कि इस प्रकार के मेले से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक प्रतिभा और नवाचार को प्रोत्साहन मिलता है। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार व्यास ने बताया कि विज्ञान केवल रटना नहीं बल्कि प्रयोग द्वारा सीखा जा सकता है।

मेला शिशु, बाल, किशोर और तरुण वर्ग में प्रदर्श, प्रश्न-मंच, पत्रवाचन और प्रयोगात्मक प्रतियोगिताओं के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें 280 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति एवं विद्या भारती के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बांका चौराहा से गांव जाने वाले मार्ग की पुलिया टूटी, ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

( नरेश धाकड़ ) - बांका चौराहे से गांव तक जाने वाले मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया पिछले एक साल से टूटी पड़ी है। यह मार्ग ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी है, लेकिन टूटी पुलिया के कारण आवागमन मुश्किल और दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीण नेवाराम गुर्जर ने बताया कि उन्होंने और अन्य ग्रामीणों ने पंचायत में कई बार शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों का



कहना है कि यदि तत्काल मरम्मत नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है ।

# भोपतपूरा में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम, बेटी बचाओ संदेश घर-घर पहुंचाया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

(नरेश धाकड़ ) - क्षेत्र के भोपतपुरा गांव के आंगनबाड़ी केंद्र पर सोमवार को बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश ग्रामीणों तक पहुंचाना रहा । कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नवजात बेटियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और महिलाओं व बालिकाओं ने गीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बेटी के महत्व को समझाया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं निर्मला शर्मा, आशा शर्मा, किरण शर्मा, रितु शर्मा ने बेटी के जन्म से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में सरपंच सोहनी देवी, चिकित्सा विभाग सीएचओ आशीष रेगर, ग्रामवासी कविता बंजारा, सोना बंजारा, विजय बंजारा सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।



# बनकाखेड़ा में महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव) बनकाखेड़ा ग्राम पंचायत मुख्यालय के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में स्वस्थ नारी, सशक्त भारत अभियान के तहत सोमवार को महिलाओं और बालिकाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने महिलाओं को रोग, पोषण, स्वच्छता, मासिक धर्म और गर्भावस्था के दौरान देखभाल पर परामर्श दिया। सीएचओ देवेंद्र सिंह ने रक्त जांच की, एएनएम आशा ने टीकाकरण किया और आयुष नर्स लाड़ कुमारी आचार्य ने आयुर्वेदिक दवाइयां और खान-पान संबंधी जानकारी दी। इस दौरान आशा जुबेदा, सीमा, गायत्री और विमला ने गांव में शिविर की जानकारी फैलाकर अधिक से अधिक महिलाओं को शामिल किया।



# कन्या पूजन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

( सांवर वैष्णव ) कस्बे में सोमवार को नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार चारण ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार नवदुर्गा को छोटी कन्याओं के रूप में देखा जाता है, और इसी परंपरा के अनुसार विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर जगदीश चंद्र तिवाड़ी सहित अन्य आचार्य भी मौजूद रहे।



# बावन माता से निकली विशाल शोभायात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर सोमवार को कस्बा भक्ति और आस्था के रंग में डूबा रहा । बावन माता मंदिर से निकली विशाल यात्रा मुख्य मार्गो से होते हुए धूमधाम से निकाली गई। पूर्व प्रधान भूपेन्द्र सिंह शक्तावत, नगरपालिका अध्यक्ष विश्वजीत सिंह शक्तावत और मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष योगेंद्र सिंह शक्तावत ने प्रतिमा को पालकी में विराजमान किया। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाए, और रास्तेभर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मंदिर पहुंचकर महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा के दौरान पूरा कस्बा माता के जयकारों से गूंज उठा। शांति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी बनवारी लाल मीणा पुलिस जाप्ते के साथ मुस्तैद रहे।





# नेहरू विहार गरबा महोत्सव में नारी शक्ति का अनोखा प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नेहरू विहार विकास संघर्ष समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में महिलाओं ने तलवारों के साथ आत्मरक्षा का अनोखा गरबा प्रस्तुत कर सभी को आकर्षित किया। बच्चों ने नवरात्रि की नौ देवियों का रूप धारण कर नृत्य किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बच्चों के डांडिया में कृष्ण, रिषता व अनिका अव्वल रहे। महिला गरबा राउंड में नीलम तिवाड़ी प्रथम और मिक्स राउंड में रोहित पारीक ने बाजी मारी।





# झांतला माता शक्तिपीठः जन-जन की आस्था का केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला।

ग्राम पंचायत कोचरिया के सालमपुरा जंगल में स्थित झांतला माता मंदिर नवरात्रि पर आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि यहां दर्शन व परिक्रमा करने से रोगों से मुक्ति मिलती है। विशेषकर शनिवार, रविवार और नवरात्र में बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचते हैं। स्थानीय लोग इसे बीड़ा की माता के नाम से भी जानते हैं। मंदिर परिसर नगर परिषद क्षेत्र में आता है, लेकिन भक्तों ने सड़क किनारे की झाड़ियां हटाने और अतिरिक्त स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है ताकि श्रद्धालुओं को आने-जाने में सुविधा हो सके।

झांतला माता का यह शक्तिपीठ हाइवे 758 के कोचरिया चौराहे से 8 किमी, पुर से 5 किमी और दरीबा से 3 किमी दूर स्थित है।



## QUICK BITES

### सेवा पखवाड़े में मांडल में हुआ विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ मांडल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव सेवा पखवाड़े के तहत कस्बे के बस स्टैंड स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में भाजपा द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष भेरू लाल ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्पमाल्यार्पण के साथ हुई। कोटड़ी श्याम ब्लड सेंटर की टीम ने रक्त संग्रह किया। भाजपा नेता गोपाल गुर्जर ने युवाओं से बढ़-चढ़कर रक्तदान में भाग लेने की अपील की और इसे महादान बताया।शिविर में दर्जनों युवाओं ने भाग लिया और सेवा पखवाड़े के अंतर्गत समाजहित और मानव सेवा का संदेश दिया।

### आसींद के विद्यालयों में नए उपाचार्य नियुक्त

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद





राज्य सरकार की हाल ही में जारी वाइस प्रिंसिपल पदोन्नति सूची के तहत आसींद के दो प्रमुख विद्यालयों में नए उपाचार्य नियुक्त किए गए। पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्याम सुंदर सोनी को व्याख्याता पद से उपाचार्य पद पर पदोन्नति मिली, जबकि स्वामी विवेकानंद मॉडल राजकीय विद्यालय में डॉ. विकास टेलर को जीव विज्ञान व्याख्याता पद से उपाचार्य नियुक्त किया गया। कार्यग्रहण समारोहों में दोनों अधिकारियों का स्थानीय विद्यालय स्टाफ, शिक्षा अधिकारी, शिक्षक और गणमान्य नागरिकों ने पगड़ी उपरना और माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्याम सुंदर सोनी ने 10 वर्षों तक कॉमर्स संकाय में, जबकि डॉ. विकास टेलर ने 8 वर्षों तक जीव विज्ञान विभाग में उत्कृष्ट कार्य किया है। दोनों को नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों ने बधाई दी और नए कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।

### स्वस्थ नारी-दृसशक्त परिवार अभियान के तहत महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



पेसवानी । खामोर में महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं राजकीय आयुर्वेद औषधालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्साधिकारी डॉ. गोविंद सिंह गुर्जर ने मधुमेह, हीमोग्लोबिन जैसी जांचें की और स्त्री रोग परामर्श एवं पोषण संबंधी सलाह दी। नर्स सुगना कुम्हार ने मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी दी और काढ़ा वितरित किया। महिला योग प्रशिक्षक पूजा वैष्णव ने महिलाओं को स्वास्थ्य अनुसार योग अभ्यास कराया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक गजराज पुरी, एएनएम, आशा सहयोगिनी शांति शर्मा, बीना, रजिया बानो, ग्रामवासी और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।